# परिशिष्ट

## परिशिष्ट –1

# भाषा सृजनशीलता परीक्षण

डॉ. एस.पी. मलहोत्रा
सुचेता कुमारी

नाम ..................................................................................................

कक्षा ..........................................अनुक्रमांक..................................................

विद्यालय ..........................................................................................

पिछली उपलब्धि ..............................................................................

विषय–(हिन्दी) में उपलब्धि ...........................................................

लिंग ....................................................................जाति .........................

## सामान्य निर्देश

यह परीक्षण तुम्हारी भाषा संबंधी सृजनात्मक योग्यता का मापन करने के लिए दिया जा रहा है। आगे के पृष्ठों पर कुछ परीक्षण दिए गए हैं, जिनको अगर आप अपना सृजनात्मक एवं मानसिक योग्यता के द्वारा करने का प्रयत्न करोगे तो आप बहुत से नवीन एवं रोचक उत्तर देने में सफल हो सकोगे।

इस परीक्षण में आपकों सीमित समय से नए–नए विचारों को लिखना है और वर्णन ज्यादा विस्तार से नहीं करना हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर संक्षिप्त रूप में ज्यादा से ज्यादा अच्छे ढंग से वर्णित करने हैं।

प्रत्येक परीक्षणमाला को अवश्य करिए। हर परीक्षणमाला का समय अलग से साथ–साथ बताया जाएगा। जब आपको कार्य आरंभ करने के लिए कहा जाए तो एकदम से शुरू कर दें और जब बंद करने के लिए कहा जाए तो उसी समय बंद कर दें। अंत में 10 मिनट का समय अलग से दिया जाएगा ताकि जिस परीक्षण को आप पूरा नहीं कर सके, उसे पूरा कर दें।

कुछ समझ में न आए तो अपने स्थान पर खड़े होकर पूछ सकते हैं।

Regional Institute of Education
LIBRARY
Bhopal

## AREA –I

**पद 1. दीं हुई लोकोक्ति के आधार पर कहानीं कीं रचना।**

इस परीक्षण में हिन्दी की एक सुप्रसिद्ध लोकाक्ति दी गई है। इस लोकोक्ति या कहावत के आधार पर अपने मस्तिष्क में एक छोटी सी कथावस्तु का चित्रण कीजिए। इसे एक नई मौलिक कहानी के रूप में विकसित कीजिए।

**लोकाक्ति– "बुद्धि हीं श्रेष्ठ बल है।"**

**पद 2. दीं हुई स्थिति के आधार पर कहानीं कीं रचना।**

इस परीक्षण में एक स्थिति या अवस्था दी गई है। इस स्थिति को अपने नए–नए विचारों के साथ अपनी कल्पना के आधार पर एक छोटी सी कहानी के रूप में विकसित करता है जो अपने में अद्धितीय कहानी हो अर्थात् एक ऐसी कहानी लिखो जो कोई और तुम्हारा साथी न लिख सके। स्थिति नीचे दी गई है–

"रात का समय है, तुम घर पर बिल्कुल अकेले हो, तुम्हें बहुत डर लग रहा है और उसी समय तेज आँधी और वर्षा भी शुरू हो जाती है और साथ ही बिजली भी गुल हो जाती है" ऐसे समय में जो आपके साथ व्यतीत होगा उसकी कल्पना कीजिए और उस कल्पना के आधार पर एक कहानी की रचना कीजिए।

**पद 3. शीर्षक के आधार पर कहानीं कीं रचना।**

इस परीक्षण माला में कहानी का शीर्षक दिया गया है। इसलिए दिए हुए शीर्षक के आधार पर एक नई एवं मौलिक कहानी लिखिए–

**शीर्षक – "कुसंगति का फल"**

**पद 4. कहानीं का निर्माण।**

इस परीक्षण में कहानी का शीर्षक दिया गया है। इस शीर्षक के आधार पर एक ऐसी कहानी विकसित करो जो कि सुखान्त और दुखान्त दोनों ही हो अर्थात् उस कहानी को पढ़ने के उपरान्त यह महसूस हो कि कहानी विषादपूर्ण होने के साथ–साथ भारतीय परम्परा के अनुसार सुखान्त भी है।

**शीर्षक – "एक दुर्घटना"**

**पद 5. कल्पना के आधार पर कहानीं कीं रचना।**

इस परीक्षण में एक साधारण सी स्थिति दी गई हैं। अपनी कल्पनात्मक योग्यता के द्वारा इसके परिणामों को सोचिए और उन परिणामों के आधार पर एक कहानी की रचना कीजिए। कहानी नवीन एवं मौलिक होनी चाहिए।

**शीर्षक – "अगर खिलौना (गुड़िया) बोलने लगे"**

**पद 6. पुरानी लोकोक्ति का नवीनीकरण करना।**

इस परीक्षण में एक परिचित सी पुरानी लोकोक्ति दी गई है। तुम्हें इस लोकोक्ति के उद्देश्य का वर्तमान सामाजिक रीति-रिवाज के सदंर्भ में नवीनीकरण करना है। इसे अद्भुत एवं कलात्मक बनाने के लिए उपसहासपूर्ण तत्वों को प्रयोग में लाएँ ताकि ये एक अद्भुत एवं अलौकिक रचना हो।

**लोकोक्ति– "जैसा करोगे वैसा भरोगे।"**

**पद 7. दी हुई कहानी के आधार पर शीर्षक लिखना।**

इस परीक्षण में एक रचनात्मक कहानी लिखी गई है। तुम्हें इस कहानी को पढ़कर शीर्षक लिखने हैं। इस कहानी के जितने ज्यादा से ज्यादा शीर्षक लिख सकते हो लिखो।

**कहानी :**

फ्रॉंस की एक नदी में वर्षा के कारण बाढ़ आई हुई थी। शाम के वक्त लगभग 12 वर्ष का एक लड़का नदी के किनारे-किनारे चला जा रहा था। अचानक उसने देखा कि नदी के बॉंध में एक जगह छेद हो गया है और उसमें पानी रिस रहा है।

"इस तरह तो पूरा नगर पानी में डूब जाएगा, यह सोचकर उसने छेद वाली जगह पर भरपूर मिट्टी डाल दी लेकिन पानी के अधिक वेग के कारण मिट्टी रूक नहीं सकी। उधर छेद बड़ा होता जा रहा था। नगर में सूचना देने में देर हो जाती, क्योंकि तब तक बॉंध टूट सकता था। यह सोचकर लड़का छेद वाली जगह पर लेट गया। पूरी रात इसी तरह बीत गई। उधर लड़के के माता-पिता बहुत चिन्तित थे। उन्हें डर था कि नदी के किनारे चलते हुए उनका नदी में गिर न गया हो। वे सुबह होते ही नदी के किनारे-किनारे चले पड़े। लड़के ने उन्हें देखा तो चिल्लाकर अपने पास बुलाया और पानी रोकने का प्रबन्ध करने को कहा। उसके माता-पिता ने नगर में जाकर इस बात की सूचना दी तो शीघ्र ही प्रबन्ध किए गए।

बालक की इस वीरता और देश–भक्ति पर सरकार ने उसे सम्मानित किया। यही बालक आगे चलकर फ्राँस का राष्ट्रपति बना। इस देश–भक्त का नाम था–नैपोलियन।

## AREA -II

**पद 8. वार्तालाप के आधार पर शीर्षक।**

इसमें दो व्यक्तियों के बीच वार्तालाप लिखा गया है। इसे ध्यानपूर्वक पढ़िए और अपनी सृजनात्मक योग्यता से इस संवाद के लिए अधिक से अधिक उचित शीर्षक लिखिए–

**संवाद :**

जब एक क्लर्क दफ्तर देर से पहुँचता है तो अफसर और कर्लक के बीच जो वातावरण होता है उसे नीचे लिखा जा रहा है –

अफसर (क्लर्क से) – श्रीमान्, आपकी घड़ी में क्या समय है ?

क्लर्क – जी, साढ़े दस।

अफसर – और दफ्तर का क्या समय है ?

क्लर्क – जी, दस।

अफसर – तो तुम इतनी देर से क्यों आ रहे हो ?

क्लर्क – मुझे बहुत अफसोस है। आज बस बहुत देर से आई।

अफसर – तुम तो हर रोज ही देर से आते हो। कल तुम्हारी घड़ी खराब थी, परसों बच्चा बीमार था, आज बस देर से आई। तो क्या हुआ ? तुम्हारा तो हर रोज ही कोई नया बहाना होता है।

क्लर्क – आगे से ऐसा नहीं होगा।

अफसर – तुम हमेशा यही कहते आ रहे हो।

क्लर्क – जी, इस बार आपको पूर्णतया विश्वास दिलाता हूँ।

अफसर – तुम प्रातः कितने बजे उठते हो ?

क्लर्क – लगभग आठ बजे।

अफसर – यही तुम्हारा देर से आने का कारण है। क्या तुम जल्दी नहीं उठ सकते हो ?

क्लर्क – जी हाँ, रोजाना मैं जल्दी उठने का दृढ़ निश्चय करता हूँ, पर उठ नहीं पाता।

अफसर – तुम समय का महत्व नहीं जानते। गया वक्त हाथ नहीं आता। अच्छा! रात को कितने बजे सोते हो?

क्लर्क – जी, बारह बजे।

अफसर – यही तो गलत है। सबेरे जल्दी उठने के लिए जल्दी सोना चाहिए।

क्लर्क – मैं आगे से ऐसा ही करूँगा।

अफसर – ठीक है। ये तुम्हें आखिरी चेतावनी है कि अगर समय पर नहीं आओगें तो तुम्हें नौकरी से निकाल दिया जाएगा।

**पद 9. शीर्षक के आधार पर संवाद लेखन ।**

इसमें एक शीर्षक दिया गया है। इस शीर्षक के आधार पर तुम्हें दो मित्रों के बीच वार्तालाप लिखना है जो कि हास्यप्रद एवं परिहासजनक हो अर्थात् ऐसे समय पर दो मित्रों के बीच में जो बातचीत होगी उस बातचीत को पद सं.–8 की तरह परिहासजनक, व्यंगपूर्ण वाक्यों में लिखों

**शीर्षक – "लाटरी खुल जाने पर"**

**पद 10. स्थिति के आधार पर वार्तालाप।**

इसमें भी दो व्यक्तियों के बीच हुए वार्तालाप को ही लिखना है। यहाँ शीर्षक की जगह एक स्थिति दी गई है। उस स्थिति के आधार पर व्यंगपूर्ण एवं परिहासजनक संवाद लिखो। संवाद रोचक एवं मनोरंक होने चाहिए।

**स्थिति :**

मान लीजिए आप किसी दुकान पर अपनी मन पसन्द चाबी वाली मोटरगाड़ी लेने के लिए जाते हैं। लेकिन उस दुकान पर न मिलने पर दुकानदार तुम्हें ऐसी मोटरगाड़ी लेने के लिए मजबूर करता है जो कि उसकी दुकान पर है। तो ऐसे में आप और दुकानदार के बीच जो बातचीत होगी उसे लिखिए।

## AREA -III

**पद 11. लयमय शब्दों के आधार पर कविता ।**

इस परीक्षण में तुम्हें एक ही लय के पाँच शब्द दिए जा रहे हैं। इन पाँच शब्दों के आधार पर एक नई कविता का निर्माण करना है। शब्द नीचे दिए गए है।

शब्द– "आन, कुर्बान, गान, शान, दान।

**पद 12. शीर्षक के आधार पर कविता**

इस परीक्षण में एक शीर्षक दिया गया है उस शीर्षक के आधार पर नए–नए विचारों के साथ एक कविता की रचना कीजिए। कविता को जितने आकार की लिखना चाहते हो लिख सकते हो, लेकिन कविता सुन्दर एवं मौलिक होनी चाहिए।

**शीर्षक – "वर्षा ऋतु"**

**पद 13. अधूरी कविता को पूरा कीजिए।**

इस परीक्षण में एक कविता के पद की तीन पंक्तियाँ दी गई हैं। तुम्हें अपनी मानसिक योग्यता के द्वारा कविता के इस पद को पूरा करना है अर्थात् चौथी पंक्ति का निर्माण करना है। यह आवश्यक नहीं कि एक ही पंक्ति लिखनी है। कितनी भी पंक्तियाँ लिखी जा सकती है। प्रथम तीन पंक्तियाँ इस प्रकार है–

"ए दोस्त बन्द अब बहकी–बहकी बात करों,
बस अकलमन्द को काफी एक इशारा है।
हम महज के लिए चेताते हैं बार–बार,

## AREA -IV

Regional Institute of Education
LIBRARY
Bhopal

**पद 14. निरीक्षण के आधार पर वर्णन।**

इस परीक्षण में तुम्हें एक शीर्षक दिया जा रहा है। आप अपनी सूझबूझ, योग्यता और स्वयं निरीक्षण के आधार पर एंक शीर्षक को वर्णित कीजिए अर्थात् इस शीर्षक के आधार पर एक लेख लिखिए। लेख लिखते समय स्थिति को वर्णित करने के लिए जितनी अधिक उपमाओं का उपयोग कर सकते हो, करो।

**शीर्षक – "संध्याकाल का दृश्य"**

**पद 15. चिन्तन–मनन के आधार पर वर्णन।**

इसमें चिन्तन–मनन पर आधारित एक विषय दिया गया है। इस शीर्षक को मानसिक योग्यता के आधार पर लेख के रूप में वर्णित कीजिए। वर्णन करते समय उपमा या अलंकार का प्रयोग श्रेयस्कर रहेगा।

**शीर्षक– "साहस"**

**पद 16. कल्पना के आधार पर वर्णन।**

इसमें कल्पना पर आधारित एक विषय दिया गया है। आप इसके परिणामों को सोचिए और अपनी सृजनात्मक एवं कल्पनात्मक योग्यता के आधार पर इसकों लेख (निबन्ध) के रूप में वर्णित कीजिए।

**शीर्षक – "यदि मैं पक्षियों की तरह उड़ता होता।"**

**पद 17." तुलना के आधार पर परीक्षण" ।**

इस परीक्षण में "एक चेहरे" का वर्णन करने के लिए एक स्थिति दी गई है। तुम अपने दिमाग से ऐसे चेहरे का चित्र अंकित करो जिसके आधार पर उस चेहरे का विभिन्न उपमाओं के साथ वर्णन करों।

**स्थिति :**

पिताजी द्वारा जन्म–दिवस पर घड़ी का उपहार देने से मना करने पर गुस्से में चेहरे पर आए परिवर्तनों को दिमाग में सोचिए और ऐसे चेहरे की तुलना किसी भी वस्तु (सजीव या निर्जीव) से कीजिए।

## AREA -V

**पद 18. इस परीक्षण में एक शब्द दिया गया है। इस शब्द के ज्यादा से ज्यादा समान अर्थ वाले शब्द लिखिए। नीचे एक उदाहरण दिया गया है जिससे आपको यह पता लग जाएगा कि आपको क्या करना है–**

**उदाहरण** – जल

जल के समानार्थक शब्द होगें– नीर, वारि, सलिल, पानी, उदक इत्यादि।

**राजा :–**

**पद 19. इस परीक्षण में एक अंक संख्या दी गई है। तुम इस अंक के प्रयोग से जितने अधिक से अधिक शब्द बना सकते हो बनाओं। इस संख्या को आगे, पीछे, बीच में कहीं भी प्रयोग कर सकते हो। लेकिन इन शब्दों का अर्थ अवश्य होना चाहिए।**

**उदाहरण – संख्या "दो" '2' लगाने से जो शब्द बनते हैं वो इस प्रकार हैं –**

दोबारा, दोहराया, दोपाया, शहिदो इत्यादि।

उपर्युक्त उदाहरण की तरह "चार" से बनने वाले शब्दों को लिखों

**पद 20.** **निम्नलिखित वाक्यों को पूरा करो। इन वाक्यों में तुम्हें उपमा का प्रयोग करना है। एक वाक्य के लिए जितनी ज्यादा से ज्यादा उपमाएँ दे सकते हो, दो।**

**(क) बच्चे का सिर ............................. की तरह गोल है।**

**पद 21.** **नीचे दो वस्तुएँ दी गई हैं। तुम दी हुई दोनों वस्तुओं में समानता को बताओं व इन दोनों की अधिक से अधिक समानताओं को लिखो–**

**वस्तुएँ – (1) सेब, एवं (2) संतरा**

**पद 22.** **शब्द के शुरू में "अ" लगाने से जितने ज्यादा शब्द बना सकते हो बनाओं–**

**पद 23.** **शब्दों के अन्त में "ता" लगाने से जितने ज्यादा से ज्यादा शब्द बना सकते हो बनाओं –**

**पद 24.** **नीचे एक अधूरा वाक्य दिया गया है। इस अधूरे वाक्य को जितने ढंग से पूरा कर सकते हो करो। एक वाक्य में ये जरूरी नहीं है कि एक ही शब्द भरना है। शब्द एक से ज्यादा हो सकते हैं–**

**वाक्य–** आकाश .......................................... है।

**पद 25.** **इस परीक्षण में एक शब्द दिया गया है। तुम्हें अपनी योग्यता के द्वारा दिए हुए शब्द के मुहावरों का निर्माण करना है। इसका एक उदाहरण नीचे दिया गया है–**

**उदाहरण – "लहू"**

**इस शब्द से निम्नलिखित मुहावरे बनते है –**

लहू उबलना, लहू ओंटना, लहू का घूँट पीकर रह जाना, लहू का प्यासा, लहू पानी एक करना, लहू सफेद हो जाना, लहू लगाकर शहीद होना।

ऊपर लिखित उदाहरण की तरह "जान" संबंधी मुहावरे लिखो। इनको अगर वाक्यों में प्रयोग करके बताया जाएगा तो ज्यादा श्रेयस्कर होगा।

**पद 26.** **इस परीक्षण में कुछ शब्द दिए गए हैं। आप उन शब्दों के जितने ज्यादा से ज्यादा अर्थ लिख सकते हो, लिखो –**

कर :

**पद 27.** **इस परीक्षणमाला में ''अ'' वर्ण से शुरू होने वाले ऐसे शब्दों को लिखिए जो देखने में तो समान लगते हैं परन्तु अर्थ सर्वथा भिन्न होते हैं। इस भिन्नता को वाक्य में प्रयोग करके प्रकट किया जाए तो ज्यादा अच्छा है।**

**उदाहरण–** नीचे ''क'' वर्ण से शुरू होने वाला शब्द दिया गया है।

**कर्म** : काम – अच्छे कर्म करो।

**क्रम** : सिलसिला– सभी छात्र क्रम से खड़े हो गए।

Regional Institute of Education
LIBRARY
Bhopal

परिशिष्ट –2

# कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों की भाषा सृजनशीलता का योग

| क्र. | कथा वस्तु का निर्माण | संवाद लेखन | कविता का निर्माण | वर्णात्मक शैली | शब्दावली शैली | सृजनशीलता योग्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 81 | 18 | 10 | 41 | 67 | 217 |
| 2. | 64 | 12 | 3 | 32 | 53 | 164 |
| 3. | 41 | 13 | 4 | 17 | 55 | 130 |
| 4. | 58 | 19 | 9 | 33 | 53 | 172 |
| 5. | 57 | 28 | 6 | 26 | 62 | 179 |
| 6. | 52 | 23 | 5 | 27 | 64 | 171 |
| 7. | 104 | 27 | 10 | 44 | 88 | 273 |
| 8. | 63 | 20 | 13 | 25 | 63 | 184 |
| 9. | 43 | 20 | 3 | 27 | 57 | 150 |
| 10. | 114 | 39 | 17 | 60 | 93 | 323 |
| 11. | 28 | 19 | 3 | 27 | 63 | 140 |
| 12. | 76 | 20 | 12 | 22 | 62 | 192 |
| 13. | 79 | 18 | 6 | 30 | 68 | 201 |
| 14. | 88 | 31 | 16 | 36 | 63 | 234 |
| 15. | 77 | 23 | 6 | 35 | 66 | 206 |
| 16. | 93 | 27 | 7 | 48 | 65 | 242 |
| 17. | 93 | 21 | 8 | 41 | 66 | 229 |
| 18. | 72 | 22 | 6 | 30 | 67 | 197 |
| 19. | 64 | 15 | 5 | 31 | 58 | 173 |
| 20. | 54 | 18 | 4 | 23 | 54 | 153 |
| 21. | 52 | 16 | 9 | 36 | 74 | 187 |
| 22. | 72 | 22 | 8 | 53 | 76 | 231 |
| 23. | 97 | 27 | 9 | 63 | 74 | 276 |
| 24. | 83 | 27 | 16 | 56 | 73 | 255 |
| 25. | 24 | 8 | 7 | 21 | 42 | 102 |
| 26. | 65 | 28 | 7 | 41 | 72 | 213 |
| 27. | 56 | 17 | 6 | 34 | 64 | 175 |
| 28. | 26 | 6 | 4 | 25 | 38 | 99 |
| 29. | 36 | 9 | 9 | 42 | 49 | 145 |
| 30. | 37 | 19 | 7 | 26 | 47 | 136 |
| 31. | 89 | 24 | 8 | 44 | 68 | 233 |
| 32. | 57 | 17 | 6 | 44 | 63 | 188 |
| 33. | 61 | 21 | 5 | 24 | 46 | 157 |
| 34. | 71 | 32 | 11 | 55 | 69 | 238 |
| 35. | 88 | 28 | 7 | 55 | 77 | 255 |
| 36. | 50 | 11 | 7 | 23 | 52 | 143 |
| 37. | 54 | 26 | 6 | 47 | 48 | 181 |
| 38. | 36 | 11 | 4 | 22 | 53 | 126 |
| 39. | 53 | 19 | 7 | 38 | 67 | 184 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 40. | 51 | 25 | 7 | 38 | 73 | 194 |
| 41. | 45 | 13 | 7 | 23 | 39 | 127 |
| 42. | 58 | 14 | 4 | 19 | 57 | 152 |
| 43. | 39 | 12 | 4 | 13 | 38 | 106 |
| 44. | 32 | 17 | 5 | 21 | 38 | 113 |
| 45. | 61 | 13 | 4 | 30 | 45 | 153 |
| 46. | 53 | 11 | 5 | 20 | 47 | 136 |
| 47. | 63 | 17 | 6 | 25 | 43 | 154 |
| 48. | 43 | 15 | 4 | 23 | 40 | 125 |
| 49. | 67 | 21 | 6 | 21 | 53 | 168 |
| 50. | 70 | 26 | 8 | 22 | 58 | 184 |
| 51. | 70 | 24 | 10 | 33 | 67 | 204 |
| 52. | 52 | 17 | 5 | 15 | 47 | 136 |
| 53. | 62 | 19 | 5 | 30 | 43 | 159 |
| 54. | 64 | 23 | 6 | 35 | 68 | 196 |
| 55. | 60 | 12 | 5 | 23 | 34 | 134 |
| 56. | 94 | 32 | 12 | 36 | 89 | 263 |
| 57. | 78 | 22 | 7 | 28 | 63 | 198 |
| 58. | 65 | 21 | 4 | 28 | 48 | 166 |
| 59. | 91 | 37 | 8 | 33 | 61 | 230 |
| 60. | 55 | 14 | 7 | 20 | 49 | 143 |
| 61. | 47 | 15 | 5 | 40 | 52 | 159 |
| 62. | 46 | 18 | 6 | 24 | 50 | 143 |
| 63. | 58 | 18 | 5 | 35 | 53 | 170 |
| 64. | 53 | 16 | 5 | 26 | 35 | 135 |
| 65. | 39 | 15 | 4 | 27 | 45 | 131 |
| 66. | 42 | 16 | 5 | 24 | 33 | 122 |
| 67. | 54 | 17 | 6 | 26 | 56 | 159 |
| 68. | 44 | 13 | 5 | 20 | 39 | 121 |
| 69. | 88 | 28 | 9 | 46 | 70 | 241 |
| 70. | 67 | 32 | 13 | 62 | 75 | 249 |
| 71. | 52 | 19 | 8 | 31 | 39 | 149 |
| 72. | 44 | 22 | 8 | 38 | 52 | 164 |
| 73. | 76 | 23 | 6 | 32 | 60 | 201 |
| 74. | 54 | 18 | 4 | 32 | 53 | 161 |
| 75. | 70 | 20 | 7 | 38 | 61 | 196 |
| 76. | 16 | 4 | 2 | 0 | 41 | 63 |
| 77. | 42 | 15 | 6 | 25 | 53 | 141 |
| 78. | 88 | 30 | 6 | 35 | 68 | 227 |
| 79. | 62 | 23 | 7 | 36 | 58 | 184 |
| 80. | 69 | 28 | 5 | 38 | 57 | 197 |

परिशिष्ट –3

# कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों की हिन्दी विषय की उपलब्धि

| क्र. | उपलब्धि | क्र. | उपलब्धि | क्र. | उपलब्धि | क्र. | उपलब्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 76 | 21. | 43 | 41. | 54 | 61. | 52 |
| 2. | 49 | 22. | 59 | 42. | 41 | 62. | 40 |
| 3. | 42 | 23. | 72 | 43. | 43 | 63. | 68 |
| 4. | 51 | 24. | 56 | 44. | 59 | 64. | 36 |
| 5. | 49 | 25. | 28 | 45. | 51 | 65. | 28 |
| 6. | 47 | 26. | 62 | 46. | 51 | 66. | 36 |
| 7. | 69 | 27. | 46 | 47. | 35 | 67. | 49 |
| 8. | 40 | 28. | 32 | 48. | 47 | 68. | 45 |
| 9. | 33 | 29. | 45 | 49. | 54 | 69. | 69 |
| 10. | 85 | 30. | 41 | 50. | 56 | 70. | 64 |
| 11. | 36 | 31. | 48 | 51. | 66 | 71. | 56 |
| 12. | 49 | 32. | 66 | 52. | 59 | 72. | 51 |
| 13. | 46 | 33. | 51 | 53. | 49 | 73. | 51 |
| 14. | 62 | 34. | 82 | 54. | 52 | 74. | 68 |
| 15. | 63 | 35. | 67 | 55. | 47 | 75. | 74 |
| 16. | 74 | 36. | 48 | 56. | 76 | 76. | 24 |
| 17. | 67 | 37. | 43 | 57. | 63 | 77. | 68 |
| 18. | 68 | 38. | 42 | 58. | 44 | 78. | 72 |
| 19. | 72 | 39. | 59 | 59. | 69 | 79. | 60 |
| 20. | 74 | 40. | 44 | 60. | 59 | 80. | 69 |